एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



अथिया शेट्टी को डेट कर रहे हैं क्रिकेटर केएल राहुल?

हाल में ऐसी चर्चा सामने आई है कि क्रिकेटर केएल राहुल और ऐक्ट्रेस अथिया शेट्टी एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। कहा जा रहा है अभी ये दोनों अपनी रिलेशनशिप को छिपाकर रखना चाहते हैं। राहुल और अथिया को एक-दूसरे के कॉमन फ्रेंड्स की हाउस पार्टियों में अक्सर साथ देखा जाता है और बताया जाता है कि दोनों के बीच दोस्ती से कुछ ज्यादा चल रहा है।

वैसे कुछ दिनों पहले ऐसा अंदाजा लगाया जा रहा था राहुल, आलिया भट्ट की बेस्ट फ्रेंड आकांक्षा रंजन कपूर को डेट कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि आकांक्षा, अथिया की भी फ्रेंड हैं और उन्होंने ही राहुल और अथिया की मुलाकात करवाई थी। इसके बाद दोनों एक-दूसरे से मुलाकात करने लगे।

हालांकि अथिया और राहुल के एक सूत्र ने बताया कि वे दोनों बेस्ट फ्रेंड हैं और एक-दूसरे को पसंद करते हैं लेकिन वे अभी एक-दूसरे को डेट नहीं कर रहे हैं। बता दें कि इससे पहले केएल राहुल का नाम ऐक्ट्रेस निधि अग्रवाल और मॉडल इलिग्जिर नाहर के साथ भी जुड़ चुका है। वहीं, अथिया शेट्टी की कनाडा के रैपर ड्रेक के साथ दोस्ती काफी चर्चा में रही थी।

बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी प्रणति राय प्रकाश

इंडियाज नेक्स्ट टॉप मॉडल की विनर प्रणति राय प्रकाश बॉलीवुड में फिल्म 'फैमिली ऑफ ठाकुरगंज' से डेब्यू करने जा रही है। मॉडलिंग की दुनिया से अपने करियर की शुरूआत करने वाली इंडियाज नेक्स्ट टॉप मॉडल की विनर प्रणति अब फिल्म फैमिली ऑफ ठाकुरगंज में डेब्यू करने जा रही है। लवली वर्ल्ड एंटरटेन्मेंट के बैनर तले अजय कुमार सिंह निर्मित और मनोज झा निर्देशित इस फिल्म में प्रणति राय प्रकाश के अलावा जिम्मी शेरगिल, माही गिल, नंदिश सिंह, सौरभ शुक्ला, पवन मल्होत्रा, सुधीर पांडे, यशपाल शर्मा, मुकेश तिवारी, सुप्रिया पिलगांवकर और मनोज पहवा की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म 19 जुलाई को प्रदर्शित होगी। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया था जिसे लोग बेहद पसंद कर रहे हैं। प्रणति इन दिनों फिल्म फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैंफिल्म की चर्चा करते हुये प्रणति ने बताया कि फिल्म में उन्होंने नवाबों के शहर लखनऊ की रहने वाली लड़की सुमन का किरदार निभाया है। सुमन की आंखो में बड़े सपने हैं और वह एड बनाना चाहती है एड कंपनी के लिये स्लोगन बनाना और क्रियेटिव काम करना चाहती है। मां की मौत के बाद वह अपने परिवार और पिता का बेहद ख्याल रखती है। उन्होंने बताया कि फिल्म में उनके अपोजिट नंदिश सिंह है। फिल्म में उनकी नंदीश के साथ केमेस्ट्री दर्शकों को बेहद पसंद आयेगी। प्रणति ने बताया कि फिल्म रोमांच से भरपूर एक अनोखी कहानी है। फिल्म में दो भाइयों की विचारधारा के टकराव को बिलकुल नए अंदाज में पेश किया गया है। यह दो भाइयों के अनोखे रिश्ते को बड़े ही अलग अंदाज़ में बयान करती है। साथ ही एक मैसेज भी देती है। फैमिली ऑफ ठाकुरगंज पूरी तरह एक फैमिली एंटरटेनर है, जिसे पूरे परिवार के साथ देखा जा सकता है। फिल्म की कहानी पारिवारिक, सांस्कृतिक मूल्यों एवं नई सोच के इर्दगिर्द घूमती है जिसकी पृष्ठभूमि उत्तर भारत का एक छोटा सा कस्बा है। फ़िल्म की कहानी ऐसी है जो दर्शको के दिलों को छुएगी।

जवानी जानेमन में कुबरा सैट बनेगी सैफ की गर्लफ्रेंड

सैफ अली खान और करीना कपूर इन दिनों अपने बेटे तैमूर अली खान के साथ लंदन में हैं। वहीं, सैफ अली खान अपनी अपकमिंग फिल्म जवानी जानेमन की शूटिंग कर रहे हैं। ऐसी चर्चा थी कि इस फिल्म में करीना कपूर सैफ अली खान की गर्लफ्रेंड की भूमिका में नजर आएंगी। हालांकि, अब लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्ममेकर्स को सैफ की गर्लफ्रेंड के रोल के लिए ए-लिस्ट ऐक्ट्रेस नहीं चाहिए। इस कारण से करीना इस फिल्म में नहीं दिखाई देंगी। यह रोल छोटा है लेकिन फिल्म के लिए स्पेशल है।

अब आई रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के डायरेक्टर ने इस रोल के लिए कुबरा सैट का नाम फाइनल किया है। बता दें कि कुबरा सैट पहले भी सैफ अली खान के साथ काम कर चुकी हैं। इस फिल्म में दिखाया जाएगा कि सैफ और कुब्रा की रिलेशनशिप उनकी ऑनस्क्रीन बेटी आलिया फर्नीचरवाला को कैसे प्रभावित करती है। बताते चलें कि ऐक्ट्रेस पूजा बेदी की बेटी आलिया इस फिल्म में अपना बॉलिवुड डेब्यू करने जा रही हैं। इस साल नवंबर में रिलीज होने वाली इस फिल्म को जैकी भगनानी और सैफ अली खान प्रड्यूस कर रहे हैं।